विज्ञापन संख्या 22 / 2022

निविदा सूचना।

# बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

**दिनांक– 27/8/22**

वर्तमान में बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त लगभग–200 पुलिस पदाधिकारी/कर्मी अकादमी में अपने–अपने परिवारों के साथ आवासन कर रहे हैं एवं 2250 प्रशिक्षु पदाधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें 850 महिला प्रशिक्षु भीशामिल हैं। ऐसे में इनकी आवश्यकताओं के मद्देनजर अकादमी में लेडिज श्रृंगार एवं गिफ्ट शॉप को खोलने का प्रस्ताव है।

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित यूटिलिटी भवन में एक कमरे को श्रृंगार/गिफ्ट/सोवेरनियर शॉप के संचालन हेतु खुली निविदा के माध्यम से आवंटित किया जाना है। जिसका एरिया 23x17=391 वर्ग फिट है एवं सरकारी दर के अनुसार 11 रू0 प्रति वर्ग फिट के हिसाब से **बेस रेट–4,301/– रू0**किराया निर्धारित है।इस संबंध में सभी इच्छुक निविदादाताओं सेनिविदा आमंत्रित की जाती है।

## निविदा डालने की संक्षिप्त प्रकिया :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–15/09/2022<br>समय अपराहन 17.00 बजे तक |
| 02 | निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–16/09/2022<br>समय 15.30 बजे अपराहन |

## निविदाके लिए निर्धारित शर्तें

1. उक्त दुकान ग्यारह माह के अवधि हेतु आवंटित की जायेगी। एकरारनामाकर्ता को अकादमी द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता एवं इकरारनामा शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में आवंटन अवधि में अधिकतम दो बार 11–11 माह के लिए विस्तार करने का अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा।
2. इच्छुक निविदादाता अपनी–अपनी निविदा पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम से दिनांक–15/09/2022 तक समय 17.00 बजे तक अपनी–अपनी निविदा बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं। (निविदा डालने का पता :–सहायक निदेशक (प्रशिक्षण), बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा, पिन कोड–803116)
3. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को भेज सकते हैं, जो अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे।
4. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता को तकनिकी बिड का लिफाफा में संबंधित सभी दस्तावेजों को संलग्न कर सील करते हुये निविदा बॉक्स में उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक डालना होगा।
5. निर्धारित समयावधि के बाद आने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा में चयन होने के उपरांत चयनित निविदादाता को श्रृंगार/गिफ्ट/सोवेरनियर शॉप आवंटन हेतु जमानत राशि के रूप में 25,000/–रूपया एकरारनामा के समय अकादमी में जमा करनी होगी।
7. तकनीकी बिड में सफल होने वाले निविदादाता ही वित्तीय बिड/बोली लगाने की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

8. वित्तीय बिड का चयन खुली बोली के आधार पर किया जायेगा, अकादमी को सर्वाच्च लाभ देने वाले निविदादाता को श्रृंगार/गिफ्ट/सोवेरनियर शॉपसंचालन करने हेतु अन्तिम रूप से चयन किया जायेगा।

9. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के फर्म/प्रतिष्ठान संचालन करने से संबंधित लाईसेंस होना अनिवार्य है।

10. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता श्रृंगार/गिफ्ट/सोवेरनियर शॉप का संचालन स्वयं/अपनें कर्मियों के द्वारा करना होगा।

11. अकादमी में धूम्रपान/किसी भी तरह के मादक पदार्थो की बिक्री/आयात/निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित है। मद्यपान पूर्णतः वर्जित रहेगा। दुकान संचालक एवं कर्मी के विरूद्ध इस तरह की शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

12. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता दुकान के अन्दर अस्थायी निर्माण अनुमति लेने के पश्चात् कराने की छूट रहेगी।

13. बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के पास निविदा में किसी भी शर्त को शिथिल करने/स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

14. इस विज्ञापन को अकादमी के वेवसाइट www.bpa.bihar.gov.inसे डाउनलोड कर सकते **हैं।**

22/8/12

**पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक(प्रशासन)**
**बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।**

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर की परिसम्पति का अनुज्ञप्ति के आधार पर संचालन हेतु निविदा

लिफाफा नं0–1 प्रपत्र 'क'

आवेदन पत्र का प्रपत्र

1. दुकान एवं प्रकार
   (जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है)

पासपोर्ट साईज एक फाटो

2. आवेदक का नाम :
   (व्यक्ति / एंजेसी / फर्म इडिभिजुअलः
   संबंधित कागजात की प्रतिलिपि संलग्न करें)

3. पिता का नाम :

4. वर्तमान एवं स्थाई पता :
   (दूरभाष सहित)

5. अनुभव / दक्षता :

## श्रृंगार / गिफ्ट / सोवेरनियर शॉप आवंटन की शर्तें (तकनिकी बिड)

1. सभी निविदा कर्ता को प्रपत्र के साथ दुकान / प्रतिष्ठान का लाईसेंस, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं GST का अद्यतन छायाप्रति, पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्ता को आयकर रिटर्न विगत तीन वर्षों का लगाना होगा।
3. निविदाकर्ता को अपने फर्म / प्रतिष्ठान के Non Blacklist से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना होगा।
4. निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता को 2,000 / –(एक हजार) (Non-refundable) रूपये का पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन), बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट जो राजगीर स्थित किसी बैंक में भुगतान किया जा सके, जमा करना होगा।
5. निविदाकर्ता का अन्डरटेंकिंग :

   - मेरे द्वारा निविदा नियमावली एवं अन्य नियम तथा शर्त अच्छी तरह पढनें / समझने के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है। अकादमी द्वारा निर्धारित सभी नियमों / शर्तों के अनुसार दुकान की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करनें का आश्वासन देता हूँ।
   - मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य / संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी स्तर पर गलत पाये जाने पर अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

# निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र का प्रपत्र

1. अपना नाम :–

2. फर्म का नाम :–

फोटो

3. पता :

4. मोबाईल नम्बर :–

5. दुकान संचालन हेतु लाईसेंस का विवरणी :–

6. अनुभव / दक्षता :

आवेदक का हस्ताक्षर